कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.11.2024

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा वाहन चोर शशिकांत मिश्रा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0507/2024 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त शशिकांत मिश्रा पुत्र पशुपती नाथ मिश्रा निवासी गरया रुद्रपुर थाना हल्दी जिला बलिया व हाल पता किराए का मकान तिसरिया थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-09.11.2024 को समय करीब 01.30 बजे सारनाथ रेलवे स्टेशन के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक- 08.11.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनकी सुपर स्पलेन्डर मोटरसाइकिल UP 65 DP 6337 को श्री संकट हरण हनुमान मंदिर बेनीपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी मंदिर के सामने से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ पर मु0अ0सं0-0507/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 राहुल कुमार यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त शशिकांत मिश्रा ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-08.11.2024 को श्री संकट हरण हनुमान मन्दिर बेनीपुर सारनाथ वाराणसी से मैंने इस बाइक को चुराया था और आज इस बाइक को बेचने की फिराक में किसी ग्राहक की तलाश में रेलवे स्टेशन जा रहा था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शशिकांत मिश्रा पुत्र पशुपती नाथ मिश्रा निवासी गरया रुद्रपुर थाना हल्दी जिला बलिया व हाल पता किराए का मकान तिसरिया थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 45 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर रंग ग्रे रजि0 सं0-UP 65 DP 6337 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- सारनाथ रेलवे स्टेशन के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-09.11.2024 को समय करीब 01.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0507/2024 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 राहुल कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2- हे0का0 दिलीप कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 लल्लन यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
4- का0 अशोक कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 विनय कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।